हिमाचल प्रदेश बारहवीं विधान सभा

अष्टम् सत्र

समाचार भाग-1

संख्याः 72

वीरवार, 26 मार्च, 2015/5 चैत्र, 1937(शक्)

सदन की कार्यवाही का संक्षिप्त अभिलेख

<u>समय : 11.00 बजे (पूर्वाह्न)</u>

सदन की बैठक माननीय अध्यक्ष, श्री बृज बिहारी लाल बुटेल की अध्यक्षता में आरम्भ हुई ।

<u>11.00 AM</u>

1. **<u>प्रश्नोत्तरः</u>**

(I) **तारांकित प्रश्नः**

तारांकित प्रश्न संख्या 1764 से 1770 के उत्तरों पर अनुपूरक प्रश्न पूछे गए तथा संबंधित मंत्रियों द्वारा उनके उत्तर दिए गए। तारांकित प्रश्न संख्या 1771 से 1785 तक के उत्तर संबंधित मंत्रियों द्वारा दिए गए समझे गए।

(ii) **अतारांकित प्रश्नः**

अतारांकित प्रश्न संख्या 823 से 825 तक के उत्तर सभा पटल पर रखे गए।

12-04 PM

2. सदन की समितियों के प्रतिवेदनः

(1) **श्रीमती आशा कुमारी, सभापति, लोक उपक्रम समिति (वर्ष 2014-15)** ने समिति के निम्न प्रतिवेदनों की एक-एक प्रति सभा में उपस्थापित की तथा सदन के पटल पर रखीः-

(i) समिति का **36वां मूल प्रतिवेदन (वर्ष 2014-15)** जोकि भारत के नियन्त्रक एवं महालेखापरीक्षक के प्रतिवेदन वर्ष 2008-09(वाणिज्यिक) में शामिल ऑडिट पैरा संख्याः3.6 से 3.14 तक के स्वयंमेव उत्तरों की समीक्षा पर आधारित तथा **हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत परिषद्** से सम्बन्धित है; और

(ii) समिति के **58वें मूल प्रतिवेदन** (ग्यारहवीं विधान सभा) (वर्ष 2011-12) में अन्तर्विष्ट सिफारिशों पर बना तृतीय कार्रवाई प्रतिवेदन (बारहवीं विधान सभा) (वर्ष 2013-14) में निहित सिफारिशों पर सरकार द्वारा कृत कार्रवाई पर आधारित **अग्रेत्तर कार्रवाई विवरण** जोकि **हिमाचल पथ परिवहन निगम** से सम्बन्धित है।

(2) **महेश्वर सिंह, सभापति, मानव विकास समिति (वर्ष 2014-15)** ने समिति के निम्न प्रतिवेदनों की एक-एक प्रति सभा में उपस्थापित की तथा सदन के पटल पर रखीः-

(i) समिति का **15वां कार्रवाई प्रतिवेदन** (बारहवीं विधान सभा) जोकि समिति के 7वें मूल प्रतिवेदन (बारहवीं विधान सभा) (वर्ष 2013-14) में अन्तर्विष्ट सिफारिशों पर आधारित तथा **सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग** से सम्बन्धित है; और

(ii) समिति के **22वें मूल प्रतिवेदन** (दसवीं विधान सभा) (वर्ष 2004-05) में अन्तर्विष्ट सिफारिशों पर 47वें कार्रवाई प्रतिवेदन (दसवीं विधान सभा) (वर्ष 2006-07) में निहित सिफारिशों पर सरकार द्वारा कृत कार्रवाई पर आधारित **अग्रेत्तर कार्रवाई विवरण** जोकि **आयुर्वेद विभाग** से सम्बन्धित है।

(3) **श्री कर्ण सिंह, सभापति, ग्रामीण नियोजन समिति (वर्ष 2014-15)** ने समिति का **11वां मूल प्रतिवेदन** (बारहवीं विधान सभा) (वर्ष 2014-15) जोकि **उद्योग विभाग** से सम्बन्धित आश्वासनों के कार्यान्वयन पर आधारित है की प्रति सभा में उपस्थापित की तथा सदन के पटल पर रखी।

12.06 PM

माननीय मुख्य मंत्री द्वारा वक्तव्य

माननीय मुख्य मंत्री महोदय ने दिनांक 19 मार्च, 2015 को उत्तरित तारांकित प्रश्न संख्या 1604 में शुद्धि करते हुए वक्तव्य दिया।

12.08 PM

6. वित्तीय वर्ष 2015-16 के लिए बजट अनुमान-सामान्य चर्चा एवं चर्चा का समापन

निम्नलिखित ने चर्चा में भाग लियाः-

1. डॉ0 राजीव सैजल
2. श्री जगत सिंह नेगी, माननीय उपाध्यक्ष महोदय
3. श्री जगजीवन पाल, मुख्य संसदीय सचिव

(श्री जगजीवन पाल, मुख्य संसदीय सचिव के भाषण के दैरान माननीय उपाध्यक्ष महोदय 12.40 बजे अपराह्न पदासीन हुए।)

(विपक्ष के माननीय सदस्यों ने यह कहते हुए 12. 50 बजे अपराह्न सदन से बर्हिगमन किया कि श्री जगजीवन पाल बजट पर न बोलते हुए पूरी तरह से Political Speech कर रहे है।)

(विपक्ष के माननीय सदस्य 1.19 बजे अपराह्न पुनः सदन में उपस्थित हो गए।)

(सदन की बैठक 1.20 बजे अपराह्न दोपहर के भोजनोवकाश के लिए 2.20 बजे अपराह्न तक स्थगित हुई।)

(सदन की बैठक माननीय अध्यक्ष महोदय की अध्यक्षता में अपराह्न 2.20 बजे पुनः आरम्भ हुई।)

4. श्री बिक्रम सिंह जरयाल
5. श्री अजय महाजन
6. श्री कृष्ण लाल ठाकुर
7. श्री बम्बर ठाकुर
8. श्री विनोद कुमार

माननीय मुख्य मंत्री ने चर्चा का उत्तर दिया।

(5.00 बजे अपराह्न सदन की अनुमति से माननीय सदन की बैठक 5.40 बजे अपराह्न तक बढ़ाई गई)

माननीय मुख्य मंत्री ने नेता प्रतिपक्ष, प्रो0 प्रेम कुमार धूमल द्वारा उठाए कुछ बिन्दुओं पर स्पष्टीकरण दिया।

सदन की बैठक अपराह्न 5.40 बजे शुक्रवार, दिनांक 27 मार्च, 2015 के पूर्वाह्न 11.00 बजे तक स्थगित हुई ।